फ़ूड्स प्रोडक्ट के नाम पर फैक्ट्री और बनाया जा था ब्रांडेड कंपनियों का नकली गुटखा, स्टेट GST ने ऐसे पकड़ा

DURG. छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में ब्रांडेड गुटखा कंपनियों के रैपर तथा गुटखे का कच्चा माल, सुपारी, तंबाखू बरामद गया है। कंपनी फूड्स प्रोडक्ट के नाम से संचालित थी और वहां गुटखा बनाया जा रहा था। व्यवसायी के राजनांदगांव स्थित फैक्ट्री में भी दबिश दी गई है। यहां भी गुटखा बनाने के सबूत मिले हैं। यह पूरी कार्रवाई को स्टेट GST की टीम ने अंजाम दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ GST के ई वे बिल जांच टीम ने एक संदिग्ध वाहन का पीछा किया। वाहन दुर्ग जिले के चंद्रखुरी में संचालित एक फैक्ट्री तक पहुंची। वाहन चालक ने जीएसटी जांच दल को चकमा देने की पूरी कोशिश की, लेकिन जांच टीम के सदस्य फिर भी गुटखा फैक्ट्री तक पंहुच ही गए। पहचान छिपाने कंपनी के कर्मचारियों ने पैकिंग मटेरियल को भी जला दिया था।

Source: https://tirandaj.com/2024/03/an-illegal-gutkha-factory-busted-in-durg-district/